**भारत सरकार**
**संचार मंत्रालय**
**दूरसंचार विभाग**

**लोक सभा**
**अतारांकित प्रश्न सं.369**
**उत्तर देने की तारीख 27 नवम्बर, 2024**

## डिजिटल भारत निधि

**369. डॉ. अमर सिंह:**

क्या **संचार** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार इस विचार से सहमत है कि डिजिटल भारत निधि का उपयोग केवल ग्रामीण क्षेत्रों में दूरसंचार सेवाओं की स्थापना में मदद करने के बजाय अनुसंधान और विकास (आरएंडडी) और प्रायोगिक परियोजनाओं के वित्तपोषण के लिए किया जा सकता है;
(ख) यदि हां, तो इस संबंध में सरकार द्वारा प्रस्तावित पहलों का ब्यौरा क्या है;
(ग) यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

**उत्तर**
**संचार एवं ग्रामीण विकास राज्य मंत्री**
**(डॉ. पेम्मासानी चंद्र शेखर)**

(क) और (ख) डिजिटल भारत निधि के एक भाग का उपयोग नवाचार, अनुसंधान एवं विकास को बढ़ावा देने, स्वदेशी प्रौद्योगिकी विकास, मानकों, नई प्रौद्योगिकी आदि के प्रोत्साहन और वाणिज्यीकरण के लिए किया जाता है।

कंपनियों, स्टार्ट-अप्स, अनुसंधान एवं विकास और शैक्षणिक संस्थाओं के दूरसंचार उत्पादों और प्रौद्योगिकियों में अनुसंधान एवं विकास पर केंद्रित 552 करोड़ रू. के निधियन के 132 प्रस्तावों का अनुमोदन कर दिया गया है।

(ग) उपरोक्त (क) और (ख) के मद्देनजर लागू नहीं है।

*****